# वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय

## आरा -802 301 ( बिहार )

पत्रांक:- DSW/80/26 दिनांक:- 31/08/2026

सेवा में,

**प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या**

सभी अंगीभूत एवं सम्बद्ध महाविद्यालय

वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा

विषय:- स्नातक भाग-I (सत्र 2026-2030) Online नामांकन में College Quota Seats के तहत नामांकन सम्बंधी दिशा निर्देश।

महाशय/महाशया,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयान्तर्गत सूचित करना है कि स्नातक सेमेस्टर-I (सत्र 2026-2030) में कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय से College Quota Seats पर नामांकन लेने हेतु आपको अधिकृत किया जाता है। आपसे अनुरोध है कि उक्त नामांकन लेते समय निम्न बिन्दुओं का सख्ती से पालन किया जाए:-

1. Quota Seat पर नामांकन की दावेदारी केवल उन्हीं छात्र-छात्राओं की होगी जिन्होंने निर्धारित समयावधि में Online माध्यम से आवेदन किया है।
2. NCC 'A' एवं 'B' Certificete की सम्यक् जाँचोपरांत ही नामांकन हेतु चयन ( Shortlist) किया जाए।
3. Teaching और Non-Teaching Ward Case में महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी की केवल पत्नी पुत्र/पुत्रियों को अवसर दिया जाए।
4. विश्वविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी किसी भी अंगीभूत/सम्बद्ध महाविद्यालय में Ward Case का आवेदन कर सकते है।
5. प्रधानाचार्यों के साथ आयोजित बैठक के आलोक में महाविद्यालयों में कोटा का सीट निम्नवत निर्धारित है:--

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | NCC & Army Personnel Ward | - | 2% |
| 2. | Sprots | - | 2% |
| 3. | Cultural & Fine Arts | - | 1% |
| 4. | Donor | - | 2% (जहाँ लागू हो) |
| 5. | Teaching Staff Ward | - | 1% |
| 6. | Non Teaching Staff Ward | - | 1% |

NCC में A/B Certificate, Sports, Cultural & Fine Arts कोटे में नामांकन के तहत छात्रों के उनके Certificate के स्तर-National, State Level, District Level, College Level, School Level- इत्यादि के अनुरूप वेटेज दिया जाये।

संबंधित महाविद्यालय के प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या से अनुरोध है कि आप महाविद्यालय स्तर पर समिति गठित कर उक्त नामांकन दिनांक 31.08.2026 से 03.09.2026 के दौरान सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें एवं नामांकित छात्र/छात्राओं की सूची, उनका Form No., Category सहित Excel File में संचित कर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सॉफ्टकॉपी एवं हार्डकॉपी (प्रधानाचार्य द्वारा सत्यापित)में निम्नांकित प्रारूप में Email ID - vksunodalsamarth@gmail.com पर दिनांक 05.09.26 तक प्रेषित करना सुनिश्चित करें। Quota Seat पर हुए नामांकन का अभिलेख महाविद्यालय अलग से अपने पास संधारित रखेंगे और इस प्रकार लिए गए सभी नामांकन के लिए महाविद्यालय प्रशासन उत्तरदायी होगा। खेल श्रेणी (Sports Category) के तहत नामांकन लेने वाले छात्र/छात्राओं के खेल-कूद संबंधी कागजातों/प्रमाण-पत्रों आदि की जाँच संबंधित महाविद्यालय के प्रधानाचार्य अपने महाविद्यालय के खेल-कूद प्रशिक्षक/सक्षम पदाधिकारी से कराने के उपरान्त ही नामांकन सुनिश्चित करेंगे। उक्त सूचना प्रेषित करने का प्रारूप निम्न है:-

| Sl.No. | Form No. | College Name | Hons/Major Subject | Category | Remarks In any |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

नामांकन कार्यक्रम की टाइम-लाइन इस प्रकार होगी:-

1. 31.08.2026 से 02.09.2026 - संबंधित छात्र अपने कोटा का प्रमाण-पत्र आवेदित महाविद्यालय में जमा करेंगे।
2. 03.09.2026 - महाविद्यालय गठित समिति द्वारा प्रमाण-पत्रों की जाँच कर चयनित छात्रों की सूची तैयार करेंगे।
3. 03.09.2026 - महाविद्यालय चयनित छात्रों की सूची विश्वविद्यालय को प्रेषित करेंगे। विश्वविद्यालय इस सूची को अपडेट करेंगे इसके बाद महाविद्यालय उसे सत्यापित करेंगे।

**नोट:- महाविद्यालय वैसे ही छात्रों की सूची विश्वविद्यालय को प्रेषित करेंगे, जिनका नामांकन लेना है। कृपया अन्य छात्रों की सूची विश्वविद्यालय को न भेजी जाय। गलत सूची भेजने वाले महाविद्यालय नामांकन अपडेट न होने की स्थिति में स्वयं जिम्मेदार होंगे।**

31.08.26

**अध्यक्ष, छात्र कल्याण**

वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा

Ashish Vatsyayan
31.08.2026